भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
सैन्य कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 23
02 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए

भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा बचाव-अभियान

23. श्री विवेक नारायण शेजवलकर :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्तमान वर्ष के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों के विभिन्न अंगों द्वारा देश में और विदेश में कितने बचाव-अभियान संचालित किए गए हैं और उनका ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

वर्तमान वर्ष 2024 के दौरान भारतीय सेना और भारतीय वायुसेना द्वारा कोई बचाव अभियान संचालित नहीं किया गया है । तथापि, भारतीय नौसेना ने वर्तमान वर्ष 2024 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय समुद्री क्षेत्रों में पांच अभियानों का संचालन किया है जिसमें एक चिकित्सा संबंधी निष्क्रमण अभियान और एक अग्निशमन सहायता तथा तीन दस्युतारोधी अभियान शामिल है ।

***